>

Title: Need to release Fiscal Reform Fund (FRF) to Rajasthan to improve its fiscal condition.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, राजस्थान सरकार की कई प्रोजैक्ट्स में प्रशंसा की गई है - चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या परिवार नियोजन का क्षेत्र हो। मंत्री महोदय ने राज्य सरकार की बहुत अच्छे ढंग से प्रशंसा की है। राज्य के 11वें वित्त आयोग ने राज्यों के हेतु राज्यों को राजकोष सुधार हेतु(एफ. आर.एफ.) की सिफारिश की थी जिस के अन्तर्गत राजकोषीय सुधार सुविधा कोष की अविस्तृत राशि को उपयुक्त सुधार करने वाले राज्यों में सुधार किया जाना तय किया गया था। राज्य को इस सिद्धांत के अनुसार मिलने वाली राशि नहीं दी गई है। अन्य राज्यों को इस सिद्धांत के अनुसार राशि दी गई है। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राज्य को इस सिद्धांत के अनुसार मिलने वाली राशि दी जाए जिससे राजस्थान राज्य और अधिक विकास कर सके। केन्द्र सरकार निश्चित रूप से आपके कहने के अनुसार, इस संबंध में विचार करके, राज्य सरकार को और अधिक सहायता देगी। आपने मुझे समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. SPEAKER: And also to other States.

श्री गिरधारी लाल भार्गव : मैं अपने राज्य की बात करूंगा।

अध्यक्ष महोदयः सभी स्ट्रेस को सहायता देनी चाहिए।

श्री गिरधारी लाल भार्गव : मैं जिस राज्य से चुनकर आया हूं, वहीं की बात करूंगा।